Raj Express (Indore), 26th March 2023, Page – 02

# आईआईटी इंदौर ने किया वुर्जबर्ग के साथ एमओयू

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर ने अकादमिक सहयोग स्थापित करने और विस्तार करने के लिए जूलियस-मैक्समिलियंस यूनिवर्सिटी वुर्जबर्ग के साथ एमओयू साइन किया। यह एमओयू द्विपक्षीय अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और स्टूडेंट्स व संकाय के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। दोनों संस्थानों में सहयोग के सामान्य क्षेत्र होंगे जिनमें समन्वित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों द्वारा स्टूडेंट प्रशिक्षण, स्टूडेंट एक्सचेंज, शैक्षणिक कर्मचारी एक्सचेंज, वैज्ञानिक, शैक्षिक और विद्वानों की सामग्री का एक्सचेंज, मूल शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रमों, सम्मेलनों और सेमिनारों में सूचना का एक्सचेंज, संयुक्त अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों सहित विशेष परियोजनाओं को विकसित करने के लिए सहयोग करना शामिल है।

**यह हुए शामिलः** एमओयू पर जर्मनी के वुर्जबर्ग में, प्रोफेसर सुहास एस. जोशी, निदेशक आईआईटी इंदौर और प्रो. (डॉ.) पॉल पाउली, अध्यक्ष, जूलियस-मैक्समिलियंस यूनिवर्सिटी वुर्ज़बर्ग (जेएमयू) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधिमंडल में प्रोफेसर आई. ए. पलानी, प्रोफेसर देवेंद्र देशमुख, प्रोफेसर अविनाश सोनावणे और प्रोफेसर रघुनाथ साहू भी शामिल थे।